**Speed Post Only**
Rashtriya Bhartiya Sainya College
Rashtriya Indian Military College
Dehra Dun Cantt, Uttaranchl 248003

Tele :0135-2752083
Fax: 0135-2754260
E-mail- rimcollege@yahoo.com
Website: www.rimc.gov.in

EE/03/GEN-ST/86 26 Dec 2015

The Director
State Council of Educational Research & Trg
Shankar Nagar
Raipur, Chhatishgarh
Pin- 492008

**NOTIFICATION FOR ADVERTISEMENT OF RIMC ENTRANCE EXAM JUN 2016 FOR THE TERM COMMENCING JAN 2017**

1. Notification No 35378/JAN 2017/GS/MT-6 (A) dated 24 Dec 2015 regarding qualifying examination for admission to the Rashtriya Indian Military College, Dehradun for the term commencing **Jan 2017** is forwarded herewith for your necessary action.

2. A copy of the press note issued in this connection is enclosed for your information. ***You are requested to publish the press release given with the notification.***

3. ***The advertisement may please be published before 10 Jan 2016***.

4. You are requested to forward the ***Newspaper clippings of the newspaper*** in which the advertisement has been published at the earliest for our records.

क्रमांक 04
दिनांक 01.01.16

RIMC

(Tanmay Pant)
Maj
Asst Adm & Trg Officer
For Commandant

Scanned by CamScanner

प्रेस विज्ञप्ति

सूचना ब्यूरो (रक्षास्कंध ) भारत सरकार

जून 2016 में होने वाली राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून की अगली प्रवेश परीक्षा

1. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून ,रक्षा मंत्रालय के अन्तर्गत आने वाला अतः सेवा शिक्षण संस्थान है यह कॉलेज 1922 में स्थापित हुआ। जिसका प्रमुख उद्देश्य भारत के तीनों सैनाओं में छात्रों को पूर्ण रूप से तैयार करके राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पूने में अग्रिम प्रशिक्षण के लिए भेजना है।

2. राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में प्रवेश पाने के लिए केवल छात्र ही आवेदन करने के पात्र हैं। जनवरी 2017 के सत्र में प्रवेश के लिए परीक्षा, देश के चुनिन्दा स्थानों पर 01 जून (बुध) और 02 जून (बृहस्पति) 2016 को होगी।

3. आयु सीमा – इस परीक्षा में प्रवेश पाने के लिए उम्मीदवार की आयु सीमा 01 जनवरी 2017 को 11 ½ वर्ष से कम और 13 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए अर्थात् उम्मीद्वार का जन्म 02 जनवरी 2004 से पहले और 01 जुलाई 2005 के बाद नहीं होनी चाहिए।

4. शैक्षिक योग्यता – राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज के जनवरी 2017 सत्र में प्रवेश के लिए उम्मीद्वार को प्रवेश के समय अर्थात 01 जनवरी 2017 को किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से सातवीं कक्षा में अध्ययनरत या सातवीं कक्षा पास कर चुका हो।

5. परीक्षा की रूपरेखा – परीक्षा की रूपरेखा निम्नवत् है:–

(क) लिखित परीक्षा – अंग्रेजी (1000–1200 बजे तक) और गणित (1400–1530 बजे तक) की परीक्षा 01 (बुध) जून 2016 को तथा सामान्य ज्ञान (1000–1100 बजे तक) 02 (बृहस्पति) जून 2016 को होगी।

(ख) मौखिक परीक्षा – मैखिक परीक्षा की तिथि 04 (मंगल) अक्टूबर 2016 है, जिसमें परीक्षार्थी के बौद्धिक ज्ञान तथा व्यक्तित्व (पर्सनालिटी) परीक्षण होगा। मौखिक परीक्षा केवल उन्हीं उम्मीद्वारों का होगा जो लिखित परीक्षा में पास होंगे प्रत्येक विषय के प्रश्न–पत्र एवं साक्षात्कार में उत्तीर्ण होने के लिए कम से कम 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करनें होगे और साक्षात्कार के स्थान, समय की सूचना उन्हें सितम्बर 2016 के पहले सप्ताह में राज्य शिक्षा विभाग द्वारा सूचित की जायेगी।

(ग) स्वास्थ्य परिक्षण – मौखिक परीक्षा में सफल उम्मीद्वारों को चुने हुए सैनिक अस्पतालों में स्वास्थ्य परिक्षण करवाना होगा। जिन उम्मीद्वारों का स्वास्थ्य ठीक पाया जाएगा केवल उन्हीं को राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज में प्रवेश के लिए चुने जाने पर विचार किया जाएगा। उम्मीद्वारों का स्वास्थ्य परिक्षण चयन प्रणाली का एक अंग है। इसका अर्थ यह नहीं लगाना चाहिए कि उम्मीद्वार को अंतिम रूप से चुन लिया गया है । उम्मीद्वार को तब तक अंतिम रूप से चुन लिया गया नहीं समझना चाहिए, जब तक इस संबंध में सरकारी आदेश जारी नहीं हो जाते है और उन्हें भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून में दाखिले के लिए चुने जाने की सूचना नहीं मिल जाती है।

नोटः– मौखिक परीक्षा के लिए केवल लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीद्वार ही योग्य होगें। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण उम्मीद्वार जिन्होंने लिखित परीक्षा उस राज्य में दी है जिस राज्य में उनके माता–पिता सेवारत है उनकी मौखिक परीक्षा उस राज्य में होगी जिसके वे मूल निवासी हैं। मूल निवास प्रमाण पत्र का सत्यापन राज्य सरकार द्वारा मौखिक परीक्षा से पहले किया जायेगा।

6. परीक्षा केन्द्र – परीक्षा का केन्द्र प्रो. जे. एन. पाण्डेय शा. बहु उच्च. माध्य. विद्यालय, नलघर चौक, रायपुर (छ.ग.)

7. शुल्क – वार्षिक शुल्क 42,400/– रूपये है। जो कि समय–समय पर बढ़ सकती है। प्रवेश के समय जमानत के रूप में 20,000/– रूपये जमा करने होगें। यह राशि कॉलेज की पढ़ाई पूरी होने के बाद वापस की जाती है।

8. छात्रवृत्ति – छात्रों को योग्यता के आधार पर सम्बन्धित राज्य सरकारों से छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। जिसकी कुल राशि 10,000/– से 20,000/– रूपये वार्षिक होती है।

9. आवेदन–पत्र– आवेदन–पत्र विवरण–पत्रिका एवं पुराने प्रश्न पत्रों के एक सेट के लिए सामान्य जाति के उम्मीद्वार रू. 490/– एवं अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीद्वार रू. 435/– का बैंक ड्राफ्ट कमाण्डेंट, राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज, देहरादून, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, तेल भवन, देहरादून, बैंक कोड नं0 (01576) के नाम से भुगतान करके प्राप्त किया जा सकता है। अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीद्वार के लिए जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति भेजना अनिवार्य है। आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट से भेजा जायेगा। आवेदक अपना पत्र व्यवहार का पूरा पता टंकित /हस्तलिखित रूप से हिन्दी/अंग्रेजी में, पोस्टल पिन कोड तथा फोन नम्बर के साथ लिख कर भेजे। अपठनीय, अपूर्ण पता तथा डाक विलम्ब/नुकसान का उत्तरदायी राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज नहीं होगा।

नोटः– केवल राष्ट्रीय भारतीय सैन्य विद्यालय से प्राप्त आवेदन–पत्र ही मान्य होगे। बाजार में मिलने वाले या फोटो कापी किये गये तथा बिना होलोग्राम (मुहर) के आवेदन–पत्रों की मान्यता नहीं होगी।

10. अन्तिम तिथि – विहित प्रपत्र में आवेदन–पत्र (दो प्रतियों में) के साथ उम्मीद्वार की दो पासपोर्ट आकार की फोटो, जन्म प्रमाण पत्र (नगर निगम, ग्राम पंचायत से), मूल निवास प्रमाण पत्र, अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति का प्रमाण पत्र, व प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित वर्तमान कक्षा में अध्ययनरत का मल रूप में फोटो सत्यापित किया हुआ प्रमाण पत्र सहित 31 मार्च 2016 तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, डाइट कैम्पस, शंकर नगर, रायपुर पहुँच जाना चाहिए जहां उम्मीद्वार के माता–पिता अथवा अभिभावक स्थाई रूप से रहते हैं। सैन्य कर्मियों, पैरा सैन्य कर्मियों और अन्य केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों (जिनकी हस्तांतरणीय नौकरी है) के उम्मीद्वार जिस राज्य के मूल निवासी है या जिस राज्य में उनके माता–पिता/अभिभावक सेवारत हैं, में आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। हालांकि, इस तरह के उम्मीदवारों की पूर्ववृत्त सत्यापन करने के क्रम में वे राज्य (जहाँ वे परीक्षा देने के इच्छुक है) नियमित प्रलेखन के अतिरिक्त सेवा प्रमाण पत्र पूछने के लिए स्वतंत्र हैं। सैन्य कर्मियों, पैरा सैन्य कर्मियों और अन्य केंद्रीय सरकार के कर्मचारियों (जिनकी हस्तांतरणीय नौकरी है) के उम्मीद्वारों के अतिरिक्त, राज्य सुनिश्चित करें कि उसके राज्य ने परीक्षा देने वाले परिक्षार्थी उसी राज्य के मूल निवासी ही हो। कृपया ध्यान दें आवेदन पत्र दो प्रतियों में भरकर अपने–अपने राज्य [illegible] ही भेजें। राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून को आवेदन पत्र न भेजे।

Scanned by CamScanner